[4] वर्मा, राम पाल सिंह, 2002 उदीयमान भारतीय समाज में शिक्षा, विनोद पुस्तक मन्दिर, आगरा, प. 225–231

[5] सक्सेना, एन.आर. स्वरूप, 1997–1998, शिक्षा के दार्शनिक एवं समाजशास्त्रीय आधार, सूर्या पब्लिकेशन, मेरठ, पृ. 384–392

[6] सक्सेना, एन.आर. स्वरूप और चतुर्वेदी, खा, 2007 उदीयमान भारतीय समाज में शिक्षक, आर लाल बुक डिपो, मेरठ, पृ. 357–365.

[7] सक्सेना, उदयवीर, 2007, उदीयमान भारतीय समाज में शिक्षक, साहित्य प्रकाश, आगरा, पृ. 103–108।

[8] लाल, बसन्त कुमार, 1995 समकालीन भारतीय दर्शन, मोतीलाल बनारसीदार, बंग्लो रोड, जवाहर नगर, दिल्ली, पृ. 198–238

[9] शर्मा, ओ.पी. 2005–06 षिाक के दार्शनिक आधार, विनोद पुस्तक मंदिर, आगरा, पृ. 199–209

[10] शर्मा, डी.एल. 2008. उदीयमान भारतीय समाज में शिक्षक, आरत्र लाल बुक डिपो, मेरठ पृ. 247–254.

[11] Shukla, Chhaya, *Moral Values and Education*, Sumit Enterprises, N46-8

Bharat Journal of Science Technology and Humanities
Vol. 2, No. 2, (2016), pp 18-19
ISSN: 2454-6151 (Printed version)
URL: http://www.cvruresearch.org

सम्पूर्ण शिक्षा एवं विकास

डॉ.वेद प्रकाश मिश्र[1], कृष्ण कुमार भास्कर[2]
[1]Prof., [2]Asst. Prof. Department of Sanskrit
Dr. C. V. Raman University, Kargi Road, Bilaspur (C.G.)

सारांश

नवजात शिशु असहाय और असामाजिक होता है वह न बोलना जानता है और न चलना फिरना, उसका न तो कोई मित्र होता है और न शत्रु! वह समाज के रीति–रिवाज व परम्पराओं से भी अनभिज्ञ होता है किन्तु जैसे–जैसे वह बड़ा होता जाता है वैसे–वैसे उस पर षिक्षा के औपचारिक व अनौपचारिक संसाधनों का प्रभाव पड़ता जाता है इस प्रभाव के कारण उसका जहॉ एक ओर शारीरिक, मानसिक तथा संवेगात्मक विकास होता जाता है वहीं दूसरी ओर उसमें सामाजिक भावना का भी विकास होता है। अतः शिक्षा वह प्रकाश है जिसके द्वारा बालक की समस्त शारीरिक, मानसिक, सामाजिक तथा आध्यात्मिक शक्तियों का विकास होता है इससे वह समाज का एक उत्तरदायी घटक, राष्ट्र का प्रखर, चरित्र–सम्पन्न नागरिक बनकर समाज व राष्ट्र के सर्वांगीण उन्नति में अपना योगदान देता है।

इस प्रकार शिक्षा का बालक, समाज और राष्ट्र के विकास में महत्वपूर्ण योगदान है इसी संदर्भ में शिक्षा को परिभाषित करते हुए गॉधी जी कहते है कि –

"शिक्षा से मेरा तात्पर्य है–बालक और मनुष्य के शरीर, मस्तिष्क और आत्मा में पाये जाने वाले सर्वोत्तम गुणों का चहुँमुखी विकास।"

(1) सच्ची व संपूर्ण षिक्षा की आवष्यकता एवं महत्व :–

आज वर्तमान संदर्भ में बालक के सर्वांगीण विकास के लिए महान शिक्षाविद् श्री अरविंद घोश के शिक्षा दर्शन का विशेष महत्व है श्री अरविंद घोश ऐसी शिक्षा एवं शिक्षण पद्यति के पक्ष में थे जो बालक के मस्तिष्क, आत्मा, चरित्र एवं राष्ट्र की आवश्यकता के अनुरूप हो और जो बालको को कर्मठ नागरिक बनाये तथा उसके समस्त शक्तियों का सर्वांगीण विकास कर सके अतः श्री अरविंद कहते हैं –

‘ Education to be true must not be a machine made fabric, but a true building or living evocation of the powers of the mind and spirit of human being.’

इस प्रकार सच्ची तथा संपूर्ण शिक्षा और विकास की अवधारणा तभी सार्थक हो पायेगी जब शिक्षा की परंपरागत curriculam के अपेक्षा आज के आधुनिक व वर्तमान समय की आवश्यकता के अनुरूप शिक्षा में ऐसे पाठ्यक्रम तैयार किया जाए जो केवल सैद्धॉन्तिक न होकर अधिकांशतः प्रायोगिक आधार पर हो तथा पाठ्यक्रम और शिक्षण पद्यति इस प्रकार Design किये जाये जो अलग–अलग शिक्षा के स्तर के अनुसार रोचक, आकर्शित, जीवन की क्रियाशीलता के गुणों के साथ–साथ शारीरिक, मानसिक, सामाजिक, बौद्धिक व आध्यात्मिक विकास में सहायक हो। आज वर्तमान मेंSkill-Developmentकी बात कही जा रही है तथा सरकार इस ओर भारी बजट के साथ मानव संसाधन विकास मंत्रालय एवं यू.जी.सी. के माध्यम से इसकी क्रियान्वयन कर रही है किन्तु इस योजना की पूर्ण सफलता तभी संभव है जब शिक्षा मे ऐसे पाठ्यक्रम को शामिल किया जाये जो Practical Based हो तथा व्यावसायिक शिक्षा को भी Skill-Educationके रूप में माध्यमिक स्तर के पाठ्यक्रम में शामिल कर इसके क्रियान्वयन के लिए भौतिक संसाधन पर्याप्त मात्रा मे उपलब्ध करायी जावे।

अतः इस प्रकार संपूर्ण शिक्षा के द्वारा ही बालक के सर्वांगीण विकास के साथ–साथ समाज एवं राष्ट्र का भी विकास हो सकता है।

उपसंहार

इस प्रकार कहा जा सकता है कि शिक्षा मे पाठ्यक्रम आधुनिक आवश्यकता के अनुरूप बालक के बौद्धिक मानसिक व आध्यात्मिक विकास को अभिप्रेरित करने वाला हो तथा शिक्षण–पद्यति बालक की स्वतंत्रता, उसके प्रति प्रेम व सहानुभूति के साथ–साथ उसके मातृभाषा पर आधारित हो बालक की शिक्षा उसके रूचि, स्वप्रयत्न तथा स्वानुभव और करके सीखने (Learning by doing) पर आधारित हो।

इस प्रकार आज के वर्तमान संदर्भ में बालक का सर्वांगीण विकास सच्ची व संपूर्ण शिक्षा पर ही आधारित है जो पूर्ण रूप से सैद्धाँतिक न होकर प्रायोगिक हो जिसे सरल रूप में आसानी से अपनायी जा सके तथा बालक के अंदर निहित व विद्यमान कौशल शक्ति को पहचान कर उसके विकास तथा परिपक्व बनाने में जो सहायक सिद्ध हो सके साथ ही साथ उसके मानवीय गुणों को विकसित कर समाज व राष्ट्र के लिए एक कर्मठ, उत्तरदायी, कर्तव्यनिष्ठ नागरिक भी बना सके यही सच्ची तथा संपूर्ण शिक्षा व विकास कहलायेगा जिससे भारत आज शिक्षा के क्षेत्र में अपनी खोई हुई प्रतिभा को पुनः प्राप्त कर सकेगा।

संदर्भ

[1] शिक्षा के दार्शनिक एवं समाजशास्त्रीय सिद्धांत – एन.आर. स्वरुप सक्सेना।

[2] उदीयमान भारतीय समाज मे शिक्षक – 'एन.आर. स्वरूप सक्सेना' ।

[3] डॉ. श्रीमती शिल्पा चतुर्वेदी।

[4] डॉ. धर्मेन्द्र कुमार।

[5] मूल्य शिक्षा – 'रामशक्ल पाण्डेय'।

Bharat Journal of Science Technology and Humanities
Vol. 2, No. 2, (2016), pp 20-21
ISSN: 2454-6151 (Printed version)
URL: http://www.cvruresearch.org

समावेशी शिक्षा हेतु आवश्यक अध्यापन कौशल

सत्यप्रकाश यादव
सहायक प्राध्यपक
पं. मदन मोहन मालवीय शिक्षा महाविद्यालय
लावर बिलासपुर (छ.ग.)

सारांश

समावेशी शिक्षा से अभिप्राय सामान्य शिक्षा की मुख्य धारा की उस व्यवस्था से है जिसमें विशेष आवश्यकता वाले बच्चे सामान्य अध्यापन कक्षाओं में सामान्य बच्चों के साथ समाविष्ट होकर उनके समान ही बिना किसी भेदभाव के शिक्षा ग्रहण करते हैं। शिक्षकों को यह स्वीकारना आवश्यक है कि समावेशी शिक्षा एक अच्छे शिक्षण का अभ्यास है, शिक्षकों में कक्षागत कौशल अच्छे प्रशिक्षण, अच्छे अभ्यास से सम्भव है। समावेशी शिक्षा के सफल क्रियान्वयन हेतु विशिष्ट अध्यापन कौशल जैसे – कुशल शिक्षक, उत्तम कक्षा – प्रबन्धन, पाठ्यक्रम में सुधार, कक्षागत अध्यापन कार्यनीति, व्यावहारिक प्रबंधन तकनीक, उपयुक्त अध्यापन विधियां आदि की आवश्यकता है। आज की शिक्षा में समावेशी शिक्षा एक नये विचार, नये आदर्श, नये दर्शन के रूप में प्रचलित हुई है। समावेशन का अभिप्राय शालाओं में समाजिकता का विकास करने से है। समावेशी शिक्षा से हमारा अर्थ सामान्य शिक्षा की मुख्यधारा की उस व्यवस्था से है जिसमें विशेष आवश्यकता वाले बच्चे सामान्य अध्यापन कक्षाओं में सामान्य बच्चों के साथ समाविष्ट होकर उनके समान ही बिना किसी भेदभाव के शिक्षा ग्रहण करते हैं और इन कक्षाओं के सामान्य शिक्षक नये कौशल एवं नयी तकनीक से सुसज्जित होकर किसी विशेष प्रशिक्षित शिक्षक की सहायता लिये बिना या उनकी न्यूनतम सहायता के साथ विकलांग एवं सामान्य बच्चों का एक साथ अध्यापन करते हैं।

इसमें अध्यापक अधिगम हेतु मंच तैयार करता है। प्रत्येक शिक्षक, शिक्षिकाओं में अकेले इतनी शक्ति होती है कि वह छात्रों को अधिगम हेतु आकर्षित कर सकते है। शिक्षक अपने सृदृढ़ व्यक्तित्व, सकारात्मक अभिवृत्ति के माध्यम से विद्यार्थियों पर अपना प्रभाव छोड़ता है। आज के सभी शिक्षकों को यह स्वीकार करना चाहिए कि समावेशी शिक्षा सभी प्रकार के शिक्षण के अभ्यास से ज्यादा कुछ नहीं है, यह केवल अच्छे शिक्षण का अभ्यास है, शिक्षकों में कक्षागत कौषल अच्छे प्रशिक्षण कार्यक्रम व अच्छे अभ्यास से ही विकसित होता है। आवश्यक है कि वे सभी विद्यार्थियों के बारे में चिंतन करे, अकादमिक चुनौतियों को स्वीकार करें तथा सभी विद्यार्थियों की उम्मीदों को पूरा कर सके।

उद्देश्य

1. अध्यापन कौशलों से कक्षा में सभी प्रकार के बच्चों की आवश्यकतानुसार उनके निराकरण करने की क्षमता होनी चाहिए।
2. प्रत्येक बच्चे की अभिरूचि और उनमें जागृत प्रेरणा के उपयोग करने की योग्यता होनी चाहिए।
3. हर बच्चे में विकसित गुण और प्रतिभा का उपयोग करने की क्षमता होनी चाहिए।
4. हर बच्चे की इच्छा का ध्यान रखने के लिए अधिगम अध्यापन

5. सामग्री (TLM)किए जाने की योग्यता है।

- शिक्षकों को सामर्थ्यवान बनाना, ताकि अनुदेशन प्रणाली के उपयोग से बच्चों को उत्साहित कर, उनमें समस्या–समाधान, तार्किक सोच एवं प्रदर्शन कौशल का विकास हो सके।

समावेशी शिक्षा के सफल क्रियान्वयन हेतु विशिष्ट अध्यापन कौशलों की आवश्यकता होती है। विशेष रूप से समावेशी शिक्षा हेतु अध्यापन दक्षताओं का उल्लेख इस आलेख पत्रों में किया गया हैः–

- कुशल शिक्षक का होना
- उत्तम कक्षा प्रबन्धन
- पाठ्यक्रम में सुधार करना
- कक्षागत अध्यापन कार्यनीति
- व्यावहारिक प्रबंधन तकनीक का ज्ञान
- अधिगम प्राप्ति के उपायों को समझना
- प्रत्येक छात्र की अधिगम गति का ज्ञान होना
- उपयुक्त अध्यापन विधियों का उपयोग
- सकारात्मक अधिगम हेतु उपयुक्त वातावरण का निर्माण
- मूल्यांकन तकनीक का उपयोग

निष्कर्ष

वर्तमान समय से स्पष्ट है कि मुख्यधारा की शालाओं में विशेष शैक्षिक आवश्यकता वाले बच्चों (SEN) के समावेशन में वृद्धि हुई है। समावेशी शिक्षा ने हमारी शिक्षा व्यवस्था से अलग–थलग हुए सभी बच्चों की अभिवृत्ति में आवश्यक परिवर्तन किया है। फिर भी उन बच्चों के पूर्ण समावेशन के लक्ष्य को पूरा करने के लिए यहां यह आवश्यक है कि शिक्षक की दक्षता को और अधिक विकसित किया जाए ताकि वे कक्षा के सभी बच्चों की आवश्यकताओं को व्यवस्थित कर सके। अतः यह आवश्यक है कि शिक्षकों की संस्कृति को विकसित करने एवं व्यूहरचना बनाने हेतु तैयार किया जाए ताकि शिक्षा में सभी बच्चों की पूर्ण सहभागिता व सशक्तिकरण का परिणाम हमें मिल सके।

संदर्भ

[1] चड्डा, अनुप्रिया (1999)–''टीचिंग काम्पेटेन्सीज इन इन्क्लूसिव एजूकेशन''

[2] ओरियेन्टशन पैकेज फार टीचर एजूकेशन, एन.सी.ई.आर.टी. , नयी दिल्ली, पृष्ठ 54–61

[3] एस.सी.ई.आर.टी., रायपुर – ''विशेष आवश्यकता वाले बच्चों की समावेशी शिक्षा''

Bharat Journal of Science Technology and Humanities
Vol. 2, No. 2, (2016), pp 22-24
ISSN: 2454-6151 (Printed version)
URL: http://www.cvruresearch.org

छात्रों में सामाजिक उत्थान में शिक्षक की भूमिका

सुधांशु शेखर महतो[1], सत्यनारायण साव[2]
[1]एम. फिल. शोधार्थी, डॉ. सी. वी. रामन विश्वविद्यालय कोटा, बिलासपुर
[2]सहायक प्रध्यापक, शिक्षा संकाय, टाटा कॉलेज, कोल्हान विश्वविद्यालय, चाईबासा

परिचय

शिक्षा एक ऐसा शाष्वत सशक्त एवं प्रभावशाली माध्यम है जिसेक द्वारा व्यक्तित्व का विकास, पुर्नउद्धार व्यक्ति का सांस्कृतिक नवीकरण, आर्थिक प्रगति एवं समाज एवं राष्ट्र का विकास किया जाता है। कोठारी कमीशन ने माना कि देश का निर्माण उनकी कक्षाओं में होता है। लोकतात्रिंक राष्ट्र एवं समाज का उच्चतम् विकास शिक्षा के स्तर एवं मानव संसाधनों के विकास द्वारा ही संभव है। स्वतंत्रता उपरान्त सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक समस्त क्षेत्रों में परिवर्तन की माँग हुई एवं सामाजिक दायित्व के प्रति गहन गंभीर चिंतन बुद्धिजीवियों को करना पड़ा किन्तु पुँजीवादी शक्ति ने शिक्षकों की सामाजिक चेतना को उपेक्षित किया किन्तु शिक्षक की भुमिका आने वाले पिढ़ियों के लिए समाज के उत्थान में महत्वपूर्ण स्थान रखती है। शिक्षक को मित्रवत् दार्शिनिकों की तरह छात्रों का मार्गदर्शक बनकर अपनी पृष्टभूमि तैयार करनी चाहिए जिससे समाज का सामाजिक उत्थान बना रहे। शिक्षण के उद्देश्य की प्राप्ति में शिक्षकों का बहुत बड़ा उत्तरदायित्व होता है। छात्रों के व्यक्तित्व निर्माण एवं विकास, सामाजिक, मानसिक, भावनात्मक एवं बौद्धिक विकास में भी शिक्षकों को मार्गदर्शक बनना चाहिए। शिक्षण विशेषज्ञ का यह कार्य है कि छात्रों में शिक्षा को प्रभावपूर्ण बनाने के लिए स्वयं प्रभावशील हो उससे बच्चों की अन्तशक्ति को विकसत करने के अवसर उत्पन्न करना चाहिए जिससे छात्रों में रचनात्मकता एवं विकासशील राष्ट्र के नेतृत्व हेतु नेतृत्व क्षमता का विकास हो । शिक्षकों के समक्ष छात्र के रूप में देश का महत्वपूर्ण मानव संसाधन होता है । अतः उन्हें इस प्रकार से ज्ञान प्रदान करना चाहिए जिससे उनका जीवन देश की प्रगति मार्ग में उचित योगदान करने में सक्षम हो सके। शिक्षकों के समक्ष मूल लक्ष्य है कि वह ऐसा सामाजिक ढाँचे का निर्माण करे जो आपसी मनस्य एवं अविश्वास को समाप्त करके नया सामाजिक मूल्य स्थापित करे जो मानव संबंधों पर आधारित हो। इस प्रकार शिक्षा हमारी बुद्धि को विकसित करती है जिससे बंधनों एवं रूढ़िवाद से स्वतंत्रता मिलती है।

शिक्षकों का कार्य बड़ा ही निर्णायक होता है अतः शिक्षकों को छात्रों की मस्तिष्क ज्ञान एवं शरीर के विकास के साथ – साथ उसके मन में शांति, स्वतंत्रता, न्याय एवं सुरक्षा की भावना जागृत करना चाहिए। शिक्षकों में अपने क्षेत्र में पूर्ण सामर्थता, मानव संबंधी कला विज्ञान एवं विश्व के प्रत्येक प्रकार के व्यवहारों में समायोजित होने की क्षमता होनी चाहिए जिससे वह विद्यार्थियों को वर्तमान विश्व की जानकारी प्रदान कर सके । शिक्षकों को आज के वातावरण में बहुत ही सामर्थ एवं सूझ–बूझ वाला होना चाहिए क्योंकि कक्षा के नैतिक मूल्य विद्यालयी वातावरण एवं सामाजिक वातावरण दिन–प्रतिदिन परिवर्तन हो रहा है । अतः इन बदलती हुई स्थिति एवं समाज की आवश्यकताओं के लिए यह जरूरी है कि केवल उन्हीं व्यक्तियों यह दायित्व सौंपा जाए जो इन चुनौतियों का सामना करने में पूर्ण सक्षम हो ।

शिक्षक शिक्षा द्वारा शिक्षकों में मूल्य बोध की आवश्यकता

वर्तमान बदलते हुए सामाजिक परिवेश में निश्चित रूप से ऐसे शिक्षकों की आवश्यकता है जिसकी कल्पना महर्षि अरबिंद ने व्यापक रूप में की है। उसके अनुसार शिक्षक कोई प्रशिक्षक या

काम लेने वाला नहीं है वह सहायक एवं पथ प्रदर्शक है। वह विद्यार्थियों को ज्ञान नहीं देता बल्कि यह बतलाता है कि अपने लिए ज्ञान कैसे प्राप्त किया जाए। महर्षि अरबिंद कहते थे कि छात्र के निर्माण के लिए शिक्षक को हमेशा सिखते रहना चाहिए। शिक्षक को यह समझना चाहिए कि विद्यार्थी प्रगति तभी करेगा जब वह स्वयं ही प्रगति के मार्ग में हों। तभी वह एक सफल आदश शिक्षक के पद को सुशोभित कर सकता है। अपनी कर्तव्य बोध के साथ शिक्षक पद की सार्थकता को स्थापित करने वाले आज ऐसे शिक्षकों की आवश्यकता है। जिसके आचार –विचार एवं कार्य प्रणाली में नैतिक मूल्यों का समावेश हो ताकि वह योग्य उपभोगता की अपेक्षा मानवीय गुणों से संबंधित सुसंस्कृत, नेतृत्ववान नागरिकों का निर्माण कर सके।

शिक्षकों द्वारा युवाओं का व्यक्तित्व निर्माण

छात्रों का व्यक्तित्व निर्माण शिक्षा द्वारा ही संभव है, इसके विकास में शिक्षक की भूमिका महत्वपूर्ण होती है। यदि षिक्षक श्रेष्ट, सुविकसित, उत्तम सांस्कृतिक पृष्टिभूमि वाला संतुलित है। तो युवाओं का प्रेरणास्त्रोत बन सकता है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 1986 द्वारा इस बात पर बल दिया गया है कि शिक्षक का स्थान ही समाज की सामाजिक, आर्थिक, लोकाचार को परिलक्षित करता है । कोई भी समाज अपने शिक्षकों के स्तर से उपर नहीं उठ सकता है। अतः शिक्षकों की भूमिका में वह जितना ही क्रियाशील प्रभावपूर्ण साधन सम्पन्न तथा दक्ष होगा, छात्रों के सर्वांगिण विकास के साथ – साथ राष्ट्र निर्माण में उतना ही सहायक होगा। अतः शिक्षक को शिक्षालय में एक स्वस्थ वातावरण निर्माण में दक्षता प्राप्त करनी चाहिए ताकि शिक्षा के क्षेत्र में उत्पन्न संकटों को मिटाकर शिक्षक छात्र की अंतसंबंध को उद्देष्यपूर्ण बनाय जा सके। छात्रों में नेतृत्व क्षमता तथा नैतिक चारित्रिक विकास शिक्षा द्वारा ही संभव है। समुचित रूप से प्राप्त की गई शिक्षा द्वारा छात्र अपने परिवार एवं समाज के विकास के साथ–साथ राष्ट्र निर्माण में योगदान दे सकते है।

छात्रों के सर्वांगिण विकास में शिक्षक की भूमिका

एक प्रशिक्षण प्राप्त कुशल शिक्षक को विद्यार्थियों के सर्वांगिण विकास हेतु सदैव प्रत्यत्नील होने चाहिए क्योंकि शिक्षक को आदर्श निरूपित करने में ये गुण सर्वथा उपयोगी एवं सार्थक होते है। छात्रों को जीवन मूल्यों का आधार बनाकर राष्ट्र एवं समाज का उत्तरदायी मानव बनाता है ।

1. शिक्षक द्वारा अपने विद्यार्थीयों को कला कौशल के विकास में पुस्तकीय ज्ञान के साथ–साथ अनुभविक ज्ञान भी अनिवार्य रूप से प्रदान करने की क्षमता होनी चाहिए।
2. छात्रों में मूल्य आधारित शिक्षा की आवश्यकता होती है। वह अपने शिक्षक के कार्य व्यवहार के माध्यम से प्राप्त करता है।
3. शिक्षक को प्रभावषाली शिक्षण पद्धति अपनानी चाहिए ताकि विद्यार्थियों के बौद्धिक विकास में सहायक हो।
4. शिक्षक का मुल उद्देश्य छात्रों में ज्ञानात्मक एवं भावनात्मक पक्षों को जागृत करना है, इससे छात्रों का बौद्धिक, शारीरिक एवं मानसिक विकास में वृद्धि होती है।
5. शिक्षक द्वारा किसी विषयवस्तु को अधिक स्पष्ट करने के लिए सरलता, सुस्पष्टता नितांत आवष्यक है। सहायता उपकरण विद्यार्थी के कौतुहौल और जिज्ञासा का तत्काल शांत कर देता है ।
6. छात्रों के शारीरिक विकास द्वारा स्वस्थ शारीरिक क्षमता, दक्षता एवं सामुहिकता, नेतृत्व की भावना तथा निष्ठा जैसे गुण का विकास भी शिक्षक पर निर्भर करता है।
7. छात्रों को राष्ट्रीय त्योहारों की महता तथा महापुरूषों की जानकारी प्रदान की जाय जिससे उनमें राष्ट्र प्रेम की विकास का भावना हो सके।
8. छात्रों में अध्ययन के साथ–साथ नेतृत्व क्षमता के विकास हेतु खेल–कूद एवं सांस्कृतिक गति–विधियों को विकसित करना चाहिए।
9. शिक्षक का कर्तव्य है कि छात्रों में आत्मनिर्भरता एवं उत्तरदायित्व की भावना विकसित करनी चाहिए। जिससे छात्रों में अनुशासन की भावना का विकास हो सके।

निष्कर्ष

उपर्युक्त तथ्यों से स्पष्ट होता है कि छात्रों के सर्वांगिण विकास में शिक्षक की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। शिक्षक अपनी चारित्रिक बल द्वारा समाज की दिशा और दशा बदलकर छात्रों के व्यक्तित्व को निखारता है तथा राष्ट्र प्रेम से ओतप्रोत उत्तरदायी नागरिक बनाता है। अतएव कहें कि राष्ट्र निर्माण का मुद्दा एक वृहदाकार एवं संवेदनशील मुद्दा है । भविष्य कुशल नेतृत्व क्षमतायुक्त युवापीढ़ी का

है और इन युवा पीढ़ी को विश्व परिदर्श में एक कुशल नेतृत्ववान बनाने की सबसे भारी जिम्मेदारी शिक्षकों के कंधे पर है। हमें उम्मिद करनी चाहिए की इस कार्य में संलग्न सामाजिक, शैक्षिक और सबसे बढ़कर अध्यात्मिक एवं धार्मिक संस्थाओं का महत्वपूर्ण योगदान होगा। हमारे पास शक्ति भी है औ एक महान विरासत की पृष्ट भूमि भी। उसका आधुनिक समय के साथ ताल–मेल बैठाना शिक्षकों की जिम्मेदारी है ।

संदर्भ ग्रंथ

[1] Education and Human resources development, Y. P Agrwal, Common wealth Publication, New Delhi.

[2] Educational Psychology, Skinner, Prentice Hall India Ltd. New Delhi.

[3] Ram Krishna and Vivekanand, Arvind Sharma, Sterling Publication, New Delhi

[4] Report of Education Commission Govt. of India Publication.

[5] समाजिक निबंध श. प्र. चर्तुवेदी, उपकार प्रकाषन आगरा ।

[6] डॉ निर्मलजीत कौर राठी, कल्याणी पब्लिशर्स शारीरिक शिक्षा 2008

[7] रचना पत्रिका 2009

[8] M. L Kamlesh Psychology of Physical Education and Sports.

[9] विद्याभूषण तथा डी0 आर0 सचदेवा, ऐन इन्ट्रोडॉक्सन टू सोसलॉजी, किताब महल 22 ए, सरोजनी नायडू मार्ग इलाहाबाद ।

[10] चार्ल्स ए बुचर्स शारीरिक शिक्षा की बंनियाद सेंट लुई 1979 सी0 वी0 मौसवी कम्पनी । शिक्षा आयोग की रिपोर्ट 1964–66

Bharat Journal of Science Technology and Humanities
Vol. 2, No. 2, (2016), pp 25-27
ISSN: 2454-6151 (Printed version)
URL: http://www.cvruresearch.org

Globalization and Innovative Ways of Sustainable Development

Preeti Mire

प्रस्तावना

भू मंडलीकरण शब्द आज अन्तर्राष्ट्रीय बाजार में गुजायमान है। यह शब्द व्यापार अवसरों की जीवन्तता एवं उनके विस्तार का घोतक है। भू मंडलीकरण व्यापारिक क्रिया कलापों विशेषकर विपणन संबंधी क्रियाओं का अन्तर्राष्ट्रीय करण करना है। जिससे संपूर्ण विश्व बाजार को एक ही क्षेत्र के रूप में देख जाता है दुसरे शब्दों में भू मंडलकरण वह प्रक्रिया है जिसमें बाजारों के मध्य पारस्परिक निर्भरता उत्पन्न होती है और व्यापार देश की सीमाओं में प्रतिबंधित न रहकर विश्व व्यापार में निहित तुल्नात्मक लागत लाभ दशाओं का विदोहन करने की दिशा में अग्रसर होता है।

डॉ. विमल जालान के अनुसार :– ''भू मंडलीकरण शब्द का प्रयोग कई तरह से हुआ हैं एक अर्थ तो शाब्दिक है, कि अब राष्ट्रों के बीच भौगोलिक दूरी बेमानी हो चूकी है। दुनिया काफी छोटी हो चुकी हैं, और कोई भी देश अपना नुकसान करके ही शेष विश्व में खुद को अलग–अलग रख सकता है। भू मंडलीकरण का दूसरा अर्थ ठीक उल्टा निकाला जा रहा है। इसके अनुसार यह देशी हितों की जगह दुसरे देशों और बहुराष्ट्रीय नियमों के हितों को उपर रखने वाले नैतिगत बदलाव का नाम है।

भू मंडलीकरण की विशेषताएँ

आज जिस भू मंडलीकरण की हम चर्चा करते हैं उसका उद्‌भव लगभग 25 वर्ष पूर्व बहुराष्ट्रीय निगमों के प्रहारों और अनुदारवादी आंदोलन में मिलता है। जिससे पश्चिमी दुनिया को अपने शिकंजे में जकड़ लिया था और जिसके प्रणेता ब्रिटेन के थैचर, जर्मनी के कोहल और अमरीका के रोनाल्ड रौगन थे।

भू मंडलीकरण की इस कुछ ऐसी विशेषताएँ जिससे लगता है कि एक नए प्रकार की अन्तर्राष्ट्रीय राजनीतिक आर्थिक और सामाजिक व्यवस्था की स्थापना की तरफ हम प्रदृत हो रहे हैं। ये विशेषताएं इस प्रकार है।

1. यातायात और संचार साधनों मे हुए क्रांतिकारी परिवर्तन विकास के चलते भौगोलिक दुरिया सिमट गई है। अब न केवल व्यपार तकनीकि एवं सेवा क्षेत्र, बल्कि लोगों का भी सीमा पार आवा गमन सरल एवं सुगम हो गया है। इंटरनेट में भी तेजी से दुनिया को जोड़ा है।
2. इलेक्ट्रानिक मीडिया की दूर दराज पहुच ने एक गलोबल संस्कृति की संस्थापना कर दी है। जीन्स, टीशर्ट, कास्ट फूड, पाप संगीत, हालीवुड फिल्म एवं सेटेलाइट टेलीविजन की संस्कृति आज के हर नवयुवक की संस्कृति है, चाहे वह दुनिया के किसी भी कोने से हो। उपभोक्तावाद भी आज एक तरह से समूचे विश्व की संस्कृति है। अपराध व भ्रष्टाचार क तरीके आज सारे विश्व में एक से है।
3. श्रम बाजार विश्वव्यापी हो गया है। वर्ष 1965 में लगभग 7 करोड़ 50 लाख लोग एक देष से दुसरे देश में रोजगार की दृष्टि से प्रवासित हुए थे जिनकी संख्या वर्ष 1999 तक बढ़कर 12 करोड़ हो गई।
4. श्रम बाजारों की मांगों को पूरा करने के कई व्यवस्थित माध्यम तैयार हो गय हैं। श्रम नियतिक देशों में ऐसे कई ब्रोकर एंव एजेण्ट सक्रिय हैं। जो वैध एवं अवैध दोनों तरीके से लोगों को विदेशों में काम दिलवाते हैं। श्रम आयातक देशों में पुराने

प्रवासियों के ऐसे नेटवर्क है, जो नए प्रवासियों का दिशा निर्देश तथा इनकी हर संभव सहायता देना।

5. शिक्षा का भू मंडलीकरण हो गया है। अमरीका जैसे औद्योगिक दशों में उच्च शिक्षा प्राप्त करने जो विदेशी विद्यार्थी जाते हैं। उनमें से अधिकांश वहीं रह जाते हैं। दूसरी तरफ आज अनके विकासशील देशों के शिक्षा संस्थानों के पाठ्यक्रम भी विश्वस्तरीय हो गये है। जिससे यहां शिक्षा प्राप्त कर रहे विद्यार्थी विश्व में कहीं भी रोजगार पा सकते हैं।
6. ब्रेनड्रेन से पशावर की आवाजाही ने काफी जोर पकड़ लिया है आज वैज्ञानिक, डॉक्टर, इंजीनियर और शिक्षाविद तो विदेशों की तरफ खींच रहे हैं।
7. बहुराष्ट्रीय कम्पनीयां जिनके जरिये पहले वस्तुए, सेवा तकनीक, पूंजी आदि की आवाजाही होती थी आज बहुराष्ट्रीय स्तर पर रोजगार प्रदायक की भूमिका निभा रहे हैं।

भूमण्डलीकरण के तत्व

भू मंडलीय (वैश्वीकरण) एकरूपता एवं समरूपता की वह प्रक्रिया है जिसमें संपूर्ण विश्व सिमट कर एक हो जाता है। सामान्यतया इसमें निम्नांकित तत्व है।

1. संसार के विभिन्न देशों में बिना किसी अवरोध के विभिन्न वस्तुओं का आदान प्रदान संभव बनाने के लिये व्यापार अवरोधों को कम करना।
2. आधुनिक प्रौद्योगिकी का निर्बाध प्रवाह संभव बनाने हेतु उपयुक्त वातावरण बनाना।
3. विभिन्न शब्दों में पूंजी का स्वतंत्र प्रवाह संभव बनाने हेतु आवश्यक परिस्थितियां पैदा करना।
4. संसार के विभिन्न देशें में श्रम का निर्बाध प्रवाह संभव बनाना ।

भू मंडलीकरण के लाभ

सितंबर 2000 में विश्व के नेताओं ने संयुक्त राष्ट्र संघ के मंच में अपनी सर शताब्दी घोषणा में जोर दिया था कि वैश्वीकरण को सुनिश्चित करना सबको शक्तिशाली बनाने की दिशा में एक ठोस कदम है। महा सचिव को की अन्नान ने 'हम दुनिया के लोग 21वीं शताब्दी में संयुक्त राष्ट्र की भूमिका शीर्षक की सह शताब्दी रिपोर्ट में कहा था कि यदि वैश्वीकरण को सफल होना है, तो जनात को यह महसूस होना चाहिए कि वह भी इसमें शामिल है।

भू मंडलीकरण की प्रक्रिया क तीव्र विस्तार ने विश्व अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण बदलाव ला दिये हैं। आज विश्व उत्पादन का एक बड़ा हिस्सा अन्तर्राष्ट्रीय क्षेत्र में सहयोगी कमा के बीच हो रहा है। 1970–90 क दशकों के मध्य तक विश्व सफल घरेलू उत्पाद में विष्व व्यापार का हिस्सा 12 प्रतिशत से बढ़कर 18 प्रतिशत हो गया है। अन्तर्राष्ट्रीय निवेश में भी बढ़ोत्तरी हुई। 1980 –96 की बीच प्रत्यक्ष विदशी निवेश 4.8 के आंकड़े बताते हैं कि इस बाजार में प्रतिदिन 1200 अरब डालर का लेनदेन होता है, जबकि 1983 में यह आंकड़ा 60 अरब डालर था।

भू मंडलीकरण और अन्तर्राष्ट्रीय संबंध

अन्तर्राष्ट्रीय संबंधों, अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार और बहुराष्ट्रीय वित्त व्यवस्था के परिप्रेक्ष्य में भू मंडलीकरण के निम्नांकित प्रभावों की चर्चा की जाती है –

1. संयुक्त राष्ट्र संघ और उससे संबंधित अन्तर्राष्ट्रीय वित्तिय और व्यापारिक संस्थाओं की भूमिका और महत्व में वृद्धि हुई है।
2. विश्व व्यापार संगठन जैसे ऐस अन्तर्राष्ट्रीय संगठन की स्थापना हुई जो विश्व व्यापार के क्षेत्र में पुलिस मैन की भूमिका का निर्वाह करने लगा है।
3. भू मंडलीकरण से बहुराष्ट्रीय निगमों को खुली छूट मिल गई है, और बहुराष्ट्रीय निगम निर्धन राष्ट्रों पर धन षब्दों के नव उपनिवेशीय नियंत्रण के वाहक है।
4. अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार और अन्तर्राष्ट्रीय पूंजी निवेष के लिये देष के दरवाजे खोलने का मतलब गरीब दशों और अमीर देशों को बकरी और बाघ की तरह एक ही घाट का पानी पीने की व्यवस्था करना है।
5. अर्थव्यवस्था का तो भू मडलीकरण हो गया है किन्तु हमारी राजनीतिक व्यवस्था अभी भी राज्यों की सम्प्रभुता पर आधारित है।

भू मंडलीकरण से हानियाँ

संयुक्त राष्ट्र महासचिव काफी अन्नान ने संयुक्त राष्ट्र सह शताब्दी रिपोर्ट में स्पष्ट कहा है कि वैश्वीकरण के प्रति कुल प्रक्रियाएं शुरू हो गई है। इस बात के पर्याप्त सबूत है कि पिछले 25 वर्षो में भू मण्डलीकरण के चलते राष्ट्रों और लोगों के आय स्तरों के बीच की खाई गहराती गई है। आय वितरण की असमानताएं भी बढ़ी हैं। लैटिन अमेरिका, आफ्रिका और पूर्व समाजवादी देशों मे गरीबी बढ़ी

हैं। संगठित क्षेत्रों में रोजगार के अवसर कम हुए हैं इसलिए ज्यादातर श्रमिक असंगठित क्षेत्रों में काम करने पर मजबूर हैं जहां उत्पादकता और मजदूरी स्तर निम्न है। श्रम और उत्पादन की किस्म भी घटियों है।

भूमण्डलीकरण ने कुछ ही लोंगों, प्रान्तों और राष्ट्रों क लिए लाभ के ऐसे अवसर खोले हैं जिनकी तीन दशक पहले कल्पना नहीं की जा सकती थी। इस दौड़ में अमीर एवं विकसित देशों की जीत हुई है। जिस वर्ग को लाभ पहुंचा है वह सम्पत्तिशाली, उच्च शिक्षित पेशेवर, प्रबन्धन तकनीक का ज्ञाता और मुनाफे के लिए जगह–जगह पहुंचने में समक्ष है। दूसरी तरफ छोटे–मोटे काम करने वाले, जोखिम न उठाने वाले और किराए की तकनीक अपनाने वाले नुकसान में रहे हैं। भूमण्डलीकरण के इस दौर में जीतने वाले राष्ट्रों में संयुक्त अमेरिका, पश्चिमी यूरोप, जापान, पूर्व एशिया और दक्षिण–पूर्व एशिया का ना आता है और पिछड़ेपन वाले देशों में लेटिन अमेरिका, आफ्रीका, पश्चिमी एशिया, पूर्व एशिया और दक्षिणी एशिया क्षेत्र के देश है।

संदर्भ ग्रंथ

[1] डॉ. बी.एल. फड़िया पूर्व प्रोफेसर एवं अध्यक्ष, राजनीति विज्ञान विभाग एवं प्रशासन विभाग

[2] जय नारायण व्यास विष्वविद्यालय, जोधपुर

Bharat Journal of Science Technology and Humanities
Vol. 2, No. 2, (2016), pp 28-29
ISSN: 2454-6151 (Printed version)
URL: http://www.cvruresearch.org

आधुनिक शिक्षा पद्धति एवं भारतीय दर्शन

श्रीमती अन्नपूर्णा यादव
शोधार्थी, पी.एच.डी. इतिहास

भूमिका

प्रत्येक राष्ट्र की अपनी एक पहचान होती है। हमारा भारत विश्व के सबसे पुरातन और सनातन राष्ट्रों में से एक है। विश्व की अनेक संस्कृति और उनकी पहचान समय के साथ मिट गई, लेकिन हमारी पहचान अभी भी एक विश्व गुरू के रूप में है। सारा विश्व आधुनिकता के नाम पर विनाश की ओर लगातार बढ़ता जा रहा है वहां आज भी विश्व के मंच पर हमें पूरा विष्व नेतृत्व करते देखना चाहता है। इसका मूल कारण है हमारा भारतीय जीवन दर्शन निःसंदेह आधुनिक युग विज्ञान का युग है। शिक्षा के विकास का चरमोत्कर्ष इस युग की पहचान है। यहां विज्ञान ने मानव जीवन के अनेक अनसुलझी पहेलियों को सुलझा है। भौतिक आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए हर तरकीब का अविष्कार हुआ है। लम्बी आयु के लिए अनेक असाध्य रोगों पर विजय भी प्राप्त की है। अंधविश्वास से लड़ते हुए विज्ञान ने अपने महत्व को प्रतिपादित किया है। परन्तु फिर भी अति की कामना ने मानव को जीवन के मूल उद्देष्यों से भ्रमित कर दिया है। साधन संपन्नता, समृद्धि विकास के नाम पर पद–प्रतिष्ठा सब कुछ होते हुए भी इंसान अवसाद, निराशा का शिकार बनता जा रहा है। वर्तमान समय में बढ़ती हुई हिंसा, हत्या, आत्महत्या बेहद चिंतनीय है।

प्रस्तावना

शिक्षा प्रकृति की अनमोल उपहार है। शिक्षा का अर्थ है सीखना, मां के गर्भ से जीवन के अंतिम पड़ाव तक मानव का साथ शिक्षा या ज्ञान से बना रहता है। मानवीय सभ्यता का विकास प्रकृति की इसी शिक्षा पर ही आधारित है। सजीव प्राणियों में भी ज्ञान या शिक्षा प्रकृति प्रदत्त उपहार ही है। विशाल आकाश में उड़ते पक्षी, पानी में तैरते जलचर, और जमीन पर जन्म लेते ही चलते पशुओं के बच्चों को यह शिक्षा या ज्ञान देने वाली यह प्रकृति ही तो है। आदिमानव का पशुओं जैसे जीवन से वर्तमान में दिखाई देने वाला रूप उसके सिखने की प्रवृत्ति का ही उदाहरण है। समय के साथ ही मानवीय गुणों का विकास दया, ममता, प्रेम, त्याग, समर्पण ने उसे परिवार, समाज देश और विश्व राष्ट्र की ओर अग्रसर किया। परन्तु मानव इतने में संतुष्ट नहीं रहा उसके जानने की सीखने की इच्छा ने उसे प्रकृति के अनगिनत रहस्यों को सुलझाने के लिए प्रेरित किया। सभ्यता के विकास के साथ ही भेदभाव और स्वार्थ की प्रवृत्ति के कारण अलगाव, युद्ध का भी जन्म हुआ। वही समय के साथ प्रकृति में भौगोलिक परिवर्तन ने अनेक विभाजन किया । एक पृथ्वी अनेक खण्डों में बंटी, नया महाद्वीप, सागर, महासागरों का जन्म हुआ। अनेक देश, नदियां, पर्वतों ने विश्व को अनेक भागों में बांट दिया। प्रकृति के अनुक पुराने जीवों का विनाष नये जीवन का प्रादुर्भाव, अपनों का जन्म लेना फिर मर जाना। सुबह, शाम, मौसम में गर्मी, सर्दी, बरसात का होना, सूर्य, चांद के अनगिनत रहस्यों ने प्रकृति के यर्थाथ का इसके मूल तत्व को जानने के लिए मानव को प्रेरित किया।

शोध की समीक्षा

भारत विश्व का सनातन धर्म का स्तंभ रहा है। इसकी पहचान यहां का धर्म और दर्शन ने विष्व के सभी राष्ट्रों को अपनी ओर आकर्शित किया है। दर्शन, जहां बेहद कठिन और अनसुलझा हुआ जान पड़ता है उसे हमारे ऋषियों ने हजारों वर्षों तक तप और गहन अध्ययन से बेहद सरल शब्दों में इसे विश्व को समझाने का प्रयास किया। गीता में हमारे परमात्मा कृष्ण हमें बेहद सरल उपाय बता कर कहते है कि ''सारे धर्मों (चिंता, जिज्ञासा और भय) को त्याग कर तू मेरी शरण में आ जा, मैं तुझे मुक्ति या तेरे सारे अच्छे–बुरे कर्मों से मुक्त कर दुंगा।'' वहीं ''वसुधैव कुटुम्बकम'' नारा हमारे विश्व बंधुत्व की पहचान है। भारत जीवन दर्शन का मूलाधार ''कर्मफल'' पर आधारित है। हिन्दु, बौध, जैन

सभी धर्मों में पुनर्जन्म पर विश्वास दर्शाया गया है। जिसमें पाप–पुण्य की प्रधानता है। अर्थात् ''जैसा बीज वैसा ही फल'' इस विचारधारा ने भारतीय जीवन दर्षन को सुदृढ़ता प्रदान कर जीवन को सही तरीके से जीने के लिए अनुशासन प्रदान किया। अनुशासन में पाप–पुण्य के मुल ने मानव में उदारता सहिष्णुता की भावना को बल दिया। इस मार्ग पर चलकर मानव को मोक्ष की प्राप्ति का वचन भी मिला।

आधुनिक भारत भी विश्व की महाशक्तियों को टक्कर देने के लिए तैयार है। यहां के युवाओं ने विश्व स्तर पर अपनी बौधिक क्षमता का लोहा मनवा लिया है। लेकिन शिक्षा का स्वरूप भारतीय जीवन दर्शन से भटक कर पाश्चात्य देशों की विचारधाराओं का अनुसरण करता जा रहा हैं। ऐसे में भारत का ज्ञान, भारत का दर्शन की खोता जा रहा है। शिक्षा में नैतिकता की कमी संवेदन शीलता मानवीय गुणों के अभाव ने भारतीय समाज के जड़ों को खोखला करने का प्रयास किया है। शिक्षा के अभाव में पद भ्रष्ट होते युवा भोगवादी संस्कृति का समर्थक बनकर अपने जीवन को अवसाद, निराशा नशा के गिरफ्त में फंस कर जीवन को बर्बाद कर रहे है। जीवन का मूलाधार मोक्ष मानने वाले भारत के अब व्यवसायिकरण का भूत ऐसा सवार है कि जन्म से लेकर मृत्यु तक धन की उपयोगिता को अस्वीकार नहीं किया जा सकता है। भौतिकवादी प्रगति के लिए स्वार्थ का दास बना हमारा समाज नैतिकता और मानवता से कोसो दूर चला गया है। शिक्षा, चिकित्सा, धर्म जैसे सबसे संवेदनशील समस्याएं धन कमाने का सबसे अच्छा साधन बन चुकी है। साहित्य और मीडिया चलचित्रों का गिरता स्तर ने भारतीय समाज की नींव को हिला दिया है।

निष्कर्ष

आज आवश्यकता है भारत को फिर से एक क्रान्ति की, जहां लोगों के नैतिक गुणों को जगाया जाए। युवा अपने कर्तव्यों और अधिकारों को समझ कर परिवार समाज और राष्ट्र के लिए सक्रिय बने। युवा समाज को रीढ़ होता है उसके कंधो पर भावी राष्ट्र का निर्माण होता है। यह वही भारत भूमि है जहां स्वतंत्रता के लिए चंद्रशेखर आजाद, भगत सिंह, सुभाषचंद्र बोस, खुदीराम जैसे अनगिनत युवाओं ने अपना जीवन न्यौछावर कर दिया। वही हमारे राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने अपना संपूर्ण जीवन सादगी और त्याग में व्यतीत कर पूरे भारत का एक महान् राष्ट्र बनाने के लिए अपने जीवन का हर–पल लगा दिया। आज भारत के प्रत्येक जागरूक नागरिक का कर्तव्य है कि वे देश के नव–निर्माण में आगे आकर देश के बदलते स्वरूप को सुधारने के लिए परिवार समाज में नई जागृति लाने का प्रयास करें। इसके लिए शुरूआत परिवार और अपने आस–पास के वातावरण से करना होगा। समाज में फैली कुरीतियों के विरूद्ध आवाज उठानी होगी। पदभ्रष्ट युवाओं को राष्ट्र की सही धारा से जोड़ना होगा और उन्हें उनके जीवन का मूल्य समझा कर उद्देष्य से परिचित कराना होगा। तभी हम आधुनिक शिक्षा व्यवस्था में अपने भारतीय जीवन दर्शन की मूल धारणाओं को देख पायेंगें और एक स्वस्थ्य, स्वच्छ भारत का निर्माण कर पायेंगे।

संदर्भ ग्रंथ

[1] डॉ. के एल. खुराना, डॉ. आर.के. बंसल, इतिहास लेखन–धारणाएँ तथा पद्धतियाँ।

Bharat Journal of Science Technology and Humanities
Vol. 2, No. 2, (2016), pp 30-35
ISSN: 2454-6151 (Printed version)
URL: http://www.cvruresearch.org

Remote Sensing and Its Application

Raja Jhariya[1] , Ashutosh Pandey[2], Dr. Manish Upadhyay[3], Dr. A. K. Shrivastava[4]
[1]Ph.D. Scholar, Dr. C. V. Raman University Kota, Bilaspur (C.G.)
[2] Asst. Prof., Dr. C. V. Raman University Kota, Bilaspur (C.G.)
[3,4] Prof., Dr. C. V. Raman University Kota, Bilaspur (C.G.)

Abstract

In the present paper it has been discussed about remote sensing and its application. Presently remote sensing plays key role in the field of modern India. Remote sensing technology as a direct contact in case of not on target for remote observation can be efficient, comprehensive, real-time understanding of the changes in urban development, urban development and timely grasp of the new, specific, subtle change information, the rational planning, building and guidance .It has also been illustrated about application of remote sensing.

Key words : Remote sensing , Development , Application.

INTRODUCTION

Remote sensing is a terminology coined recently, for an activity each one of us has been carrying out since our birth. Remote sensing is the science of making interfaces about objects form measurements, made at a distance, without coming into physical contact with the objects under study. That is, remote sensing references to any method , which can be used to gather information about an object without actually coming in contact with it. In this context, any force field acoustic, gravity, magnetic, electromagnetic etc. could be used for remote sensing covering various disciplines, extending from laboratory testing to astronomy. However, currently the term remote sensing is used more commonly to denote identification of earth features by detecting the characteristics electromagnetic radiation that is reflected/ emitted by the earth system.

Remote sensing also called earth observation, refers to obtaining information about objects or areas at the earth's surface without being in direct contact with the object or area. Remote sensing has developed significantly as a field since the first dedicated earth observation satellite were launched in the early 1970 and is now used operationally for a wide range of purpose. Over the past few decades, the earth's surface has witnessed major changes in land use. These changes are likely two continue, driven by demographic pressure or climate change. Really, remote sensing means sensing of the earth's surface from space by making use of the properties of electromagnetic wave emitted, reflected or diffracted by the sensed objects, for the purpose of improving natural resource management, land use and the protection of the environment.











Sun and Atmosphere:-

The sun is the most important source of electromagnetic radiation used in passive optical remote sensing. The sun may be assumed to be a blackbody with surface temperature around 6000^0K. the sun's radiation covers ultraviolet, visible, infrared and radio frequency regions. Maximum radiation occurs around 0.55 µm which is in the visible region. However, solar radiation reaching the surface of earth is modified by the atmospheric effects. Certain spectral regions of the electromagnetic radiation pass through the atmosphere without much attenuation. These are called atmospheric windows. Remote sensing of the earth's surface is generally confined to these wavelength region, which are 0.4-1.3, 1.5-1.8, 2.2-2.6, 3.0-3.6, 4.2-5.0, 7.0-15-0 µm and 1 cm to 30 cm. The atmosphere including haze and clouds, is much more transparent to microwave than to optical and infrared region. Hence microwave remote sensing using active sensors like side looking Airborne RADAR (SLAR), Synthetic Aperture Radar (SAR) etc. have an all weather capability. However, emission from the atmosphere can affected the brightness temperatures of the target under observation, even in the microwave regions thus producing, a certain amount of radiometric error. But the advantage of this is that the atmosphere absorption/ emission can be used to derive information an atmospheric abetting / emission can be used to derive information an atmospheric constituents and the vertical temperature profile.

Remote Sensing System:-

With the general background treatise an remote sensing it has been made so for, it would now be easier to be make an analysis of the different stages in remote sensing. They are:-

- Origin of electromagnetic energy.
- Transmission of energy from the source to the surface of the earth and its interaction with the intervening atmosphere.
- Interaction of energy with the earth's surface or self emission.
- Transmission of the reflected / emitted energy to the remote sensor placed on a suitable platform, through the intervening atmosphere.
- Detection of the energy by the sensor, converting it into photographic image or electrical output.
- Data analysis and interpretation

Remote Sensors:-

The instruments used to measure the electromagnetic radiation reflected /emitted by the target under the study are usually referred to as remote sensors. Sensors which sense natural radiations, either emitted or reflected from the earth, are called passive sensors. Sensors which carry electromagnetic radiation of a specific wavelength or band of wavelength to illuminate the earth's surface are called active sensors.

THEORETICAL COMMISERATIONS AND RESEARCH METHODOLOGY

The ability to have a permanent record of what we observe was first possible due to photography which is dated from 1826.

Electromagnetic radiation:

Electromagnetic waves are produced basically due to the motion of electric charge. Changing electric fields are set up by oscillation of changed particles and these changing electric fields induces changing magnetic fields in the surrounding medium. Changing magnetic fields set up more changing electric field and so on. Thus since a time varying electric field produces a time varying magnetic field and vice versa, once generated the electromagnetic wave is self propagating. The net results are that the wave energy travels across space. Thus these waves cosmists of magnetic and electric fields. The EM waves can be characterized by frequency.

Optical Infrared (OIR) Region:

Visible	0.4 – 0.7 µm
Near infrared (NIR)	0.7 – 1.5 µm
Shortwave infrared (SWIR)	1.5 – 3 µm
Mid-wave Infrared (MWIR)	3 – 8 µm
Long wave Infrared (LWIR)	8 – 15 µm
For Infrared (FIR)	Beyond 15 µm

Microwaves:-

P	band	0.3 – 1 GHz (30-100Cm)
L	band	1 – 2 GHz (15 – 30 Cm)
S	band	2 – 4 GHz (7.5 – 15 Cm)
C	band	4 – 8 GHz (3.8 – 7.5 Cm)
X	band	8 – 12.5 GHz (2.4 – 3.8 Cm)
Ka	band	12.5 – 18 GHz (1.7 – 2.4 Cm)
K	band	18 – 26.5 GHz (1.1 – 1.7 Cm)
Ka	band	26.5 – 40 GHz (0.75 – 1.1 Cm)

Scattering :-

Atmospheric scattering is the unpredictable diffusion of radiation by particles in the atmosphere. Rayleigh scatter is common when radiation interacts with atmospheric molecules and other tiny particles that are much smaller in diameter than the wavelength of the interacting radiation. The effect of Rayleigh scatter is inversely proportional to the fourth power of wavelength. Hence , there is a much stronger tendency for short wavelengths to be scattered by this mechanism than long wavelengths. A blue sky is a manifestation of Rayleigh scatter. In the absence of scatter , the sky would appear black.

Absorption:-

In contrast to scatter, atmospheric absorption results in the effective loss of energy to atmospheric constituents. This normally involves absorption of energy at a given wavelength.

APPLICATION OF MICROWAVE PROPAGATION AND REMOTE SENSING

Remote sensing is the acquisition of information about an object or phenomenon without making physical contact with the object. Generally, remote sensing refers to the activities of recording /observing /perceiving objects or events at far away places.

The successive development in electromagnetic wave technique in the frequency range 1 GHz to 100 GHz due to tremendous research and developments attempts have expanded their horizon and these days electromagnetic waves system for frequency $1GH_z$ to $100GH_z$ are being widely used in various disciplines such as terrestrial communication, satellite communication, radar, radio-astronomy, telecontrol , defense and many other. It may be emphasized that in spite of numerous advantages of electromagnetic wave vary limited definitive data exist to specify the signal attenuation and other related propagation characteristics through naturally occurring obscurants such as sand, dust, rain, cloud, snow, smoke, fog, hails etc.

Application of remote sensing:-





Agriculture:

1.Crop type classification

2.Crop condition assessment

3.Crop yield estimation

4.Mapping of soil characteristics

5.Soil moisture estimation

Geology :

1.Mineral exploration

2.Environmental geology

3.Sedimentation mapping and monitoring

4.Geo-hazard mapping

5.Glacier mapping

Hydrology :

1.Watershed mapping and management

2.Flood delineation mapping

3.Ground water targeting

Ocean application:

1.Storm forecasting

2.Water quality monitoring

3.Aquaculture inventory and monitoring

4.Navigation routing

5.Costal vegetation mapping

6.Oil spill

Forestry and Ecosystem:

1.Forest cover and density mapping

2.Deforesting mapping

3.Forest fire mapping

4.Wetland mapping and monitoring

5.Biomass estimation

6.Spcies inventory

Advantages of remote sensing:



There are some advantages of remote sensing that are:

1. Observe or measure the properties or condition of the land , ocean , and atmosphere.
2. Inaccessible area may be investigated.
3. Data can be acquired from large areas with speed.
4. Provides repetitive looks at the same area.
5. Remote sensors "observe" over a broader portion of the spectrum than the human eye.
6. Provides geo-referenced, digital, data.
7. Some remote sensors operate 24 hours in all seasons day and night and in bad weather also.

CONCLUSSION

The continued and sustained efforts over the last two decades have significantly contributed in developing a viable, self-reliant remote sensing programme for the national natural development.

With the emphasis, globe over, shifting to the emerging need for optical exploitation of the various natural resources, keeping the environmental impacts in view, there is need to take a holistic approach to resources management. Remote sensing is a unique field which has brought scientists of various disciplines together. It is also a demonstration of how science can directly contribute in the national development through judicious planning level study projects into regular operational practice.

REFERENCES

[1] Singh, S.S. et.al. (2014), "Remote sensing techniques for land use Mapping in Lower Agar sub Watershed Chhattisgarh India" Global journal of multidisciplinary Studies, Volume 3, issue 11.

[2] Kestwal Mukesh Chandra et.al. (2014) Prediction of Rain Attenuation and impact of Rain in wave Propagation at microwave frequency for Tropical region. International journal of microwave science and technology Vol.2014.

[3] Karmakar P.K. et.al. (2010) "Some of the Atmospheric influences an microwave propagation through atmosphere." American Journal of scientific & industrial Research.

[4] WU Xian yu. "Discuss city remote sensing". Science mosaic, vol7, 2006, pp. 119-120

[5] Rao U. R. (2001), Remote Sensing for National Development, Special Issue on: Remote Sensing for National Development.

[6] Meng Y. S., Lee Y. H., Ng B. C. (2009), study of propagation loss prediction in forest environment, Progress In Electromagnetics Research B, Vol. 17, 117-133.

[7] Gautam Savita, (2016) Theoretical study through atmospheric inference of microwave propagation and remote sensing, M.Phil..Dissertation , Dr.C.V.Raman University Kota , Bilaspur

[8] Lilles etal. (2014)Remote sensing and Image Interpretation, willey publication 6th Edison, ISBN NO.978-81-265-3223-0 .